## सुविचार

श्रेष्ठता का आधार ऊंचे आसन पर नहीं, बल्कि ऊंची सोच पर निर्भर करता है...।


## चिंतन

# बेरोजगारों को छल कब तक

सत्ता में आने के लिए युवाओं को साधा जाता है और छल कपट से सत्ता हथिया लिया जाता है। तात्कालीन भूपेश सरकार पदासीन होने के पूर्व कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में सभी वर्ग के लोगों को साधने के लिए अलग-अलग घोषणाएं की थीं। महिलाओं को साधने के लिए शराब बंदी की घोषणा की, युवाओं को साधने के लिए 33 हजार शिक्षाकर्मी भर्ती की घोषणा की। कांग्रेस की सरकार ने 5 साल पूरा किया और महिलाओं तथा युवाओं को अगले चुनाव तक भ्रम में रखा। आज के युवा पार्टियों के वादों पर भरोसा कर लेते हैं। बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा ने भी कई चुनावी सभा में कहा था- जो वादे कांग्रेस ने पूरे नहीं किये, हम उन्हें पूरा करेंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश में हजारों विद्यालय शिक्षा स्तर से निम्न हैं और हजारों शिक्षकों की कमी से प्रदेश में पढ़ाई का स्तर बद से बदतर हो रहा है। सरकार का मुख्य फोकस शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधा पर होना चाहिए, लेकिन शिक्षा की बदतर स्थिति के बाद भी सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही और 1 लाख से अधिक युवा बेरोजगार राजनीतिक पार्टियों के वादे पूरे होने का इंतजार कर रहे हैं। वादा खिलाफी के खिलाफ 50 हजार से अधिक डीएड-बीएड डिग्रीधारी बेरोजगार युवाओं को सड़क पर उतरना पड़ा और आंदोलन कर सरकार को आईना दिखाने का काम कर रहे हैं। 33 हजार शिक्षाकर्मी/सहायक शिक्षक की भर्ती बीते 5 साल में न तो भूपेश सरकार ने किया और 9 माह भाजपा के विष्णु सरकार को हो गए, लेकिन विष्णु सरकार ने भी इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया, मजबूरन उम्रदराज होते युवाओं को चिंता सताने लगी है कि अभी जागे नहीं तो सरकार जागेगी ही नहीं और हम उम्र पार हो जाने के बाद हमारा पूरा कैरियर समाप्त हो जाएगा और जमीन गिरवी रखकर, कर्ज लेकर डीएड-बीएड की अर्हता प्राप्त कर नौकरी का इंतजार करते-करते जब इंतजार खत्म हुआ तो आंदोलन की राह पकड़नी पड़ी और 22 सितंबर को 50 हजार से भी अधिक डीएलएड,डीएड-बीएड डिग्रीधारी युवा बेरोजगार राजधानी की सड़कों पर उतर आये और आंदोलन के जरिये विष्णु सरकार को आईना दिखाने के लिए मांग करने लगे और 33 हजार शिक्षकों के लिए नोटिफिकेशन जारी करने की मांग कर रहे हैं। यह आंदोलन एक आईना है कि किस तरह पार्टियां सत्ता हासिल करने के लिए युवाओं को गुमराह कर रहे हैं और सत्ता आने के बाद भूपेश की तरह विष्णु की सरकार भी युवाओं को बरगला रहे हैं। आखिर यह कब तक? युवाओं को भटकने से रोकना सरकार की भी जिम्मेदारी है। युवाओं को एक समय तक अवहेलना बर्दाश्त हो सकता है। लेकिन इंतहा हो जाने के बाद युवाओं को रोकपाना मुश्किल होता है। युवाओं के आंदोलन को एक समय तक कुचला जा सकता है, लेकिन 5 साल बाद ये युवा ही आंधी तूफान बन कर सत्ता पलटने की ताकत भी रखते हैं। राजनीतिक पार्टियों को सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि ऐसा वादा करें, जिसे पूरी की जा सके लेकिन यहां तो सिर्फ बरगलाने का काम दिख रहा है। यह सिर्फ छत्तीसगढ़ प्रदेश की बात नहीं है, देश के कई हिस्सों में यही नजारा देखने को मिल जाएगा। आंदोलन लोकतंत्र के लिए जरूरी है और युवा ही सरकार को आईना दिखा सकते हैं।

संपादक

# मंदिरों में पवित्रता बनाए रखना जरूरी



विश्व के सबसे बड़े देव स्थल तिरूपति बालाजी मंदिर में प्रसादम को लेकर जो तस्वीर टीडीपी ने सबके सामने लायी है, वह धार्मिक भावना को आघात करने वाला है। तिरूपति बालाजी के प्रसादम में पशुमांस की बात सुनकर ही मन में प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश आ जाता है। शुद्ध घी से बने लड्डू बांटने का दावा करने वाला प्रबंधन को आखिर 319 रूपए में शुद्ध घी दुनिया के कौन से हिस्से से मिलता है, यह भी चौंकाने वाली बात है। तिरूपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में घी के साथ पशुओं की चर्बी मिलाने का राज खुद मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने खोला और कहा कि यह बरसों से चला आ रहा है। इसके पूर्व टीटीडी ने पहले ही आगाह कर दिया था, लेकिन इसे किसी ने गंभीरता से नहीं लिया। तेलंगाना में राजग (टीडीपी) की सरकार आने के बाद केंद्र की राजग सरकार ने एक्शन लिया और जांच में यह पुष्टि भी हुई कि चंद्रबाबू नायडू ने जो बयान दिया वह सही था। यह भी चौंकाने वाली बात है कि तिरूपति बालाजी मंदिर में रोजाना 1 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचते हैं और उन्हें शुद्ध घी से बना हुआ लड्डू (प्रसादम) भेंट करते हैं। बड़ा प्रश्न यह है कि मंदिर प्रशासन (प्रबंधन)ने 319 रूपए में प्रतिकिलो घी बिक्री/ क्रय का समझौता किया है, यह कैसे मुमकिन है कि आपूर्तिकर्ता 319 रूपए में घी की आपूर्ति करेगा। पूरी दुनिया में 319 रूपए में घी नहीं मिलने वाला, ऐसे में प्रसादम में मिलावट की आशंका बलवती हो जाती है। यह धर्म की बात है और सनातन परंपरा को मटियामेट करने वाले गैर हिन्दू नहीं बल्कि हिन्दू ही हैं। टीडीपी ने यह पूरे देश/दुनिया को जागरूक करने वाला बयान दिया है और भारत को उनका आभार जताना चाहिए कि तिरूपति बालाजी मंदिर में भगवान के भोग में पाप करने वाले अब तक बेनकाब थे।

उधर तात्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भी इस घृणित कार्य को पाप बताया है और कहा है कि मंदिर में पवित्रता जरूरी है। तिरूपति बालाजी विश्व का सबसे धनवान मंदिर भी है और रोजाना यहां श्रद्धालु करोड़ों का दान करते हैं, फिर ऐसा पाप क्यों? अपने आराध्य के प्रति छल का पाप एक दिन उजागर होता ही है। ऐसे लोग स्वयं को धोखा देते हैं और आध्यात्म के नाम पर पाप का अपराध धर्म में क्षम्य नहीं हो सकता। आज इस बात का खुलासा होने के बाद हर मंदिर में पवित्रता बनाए रखना प्रबंधन की जिम्मेदारी है। गैर हिन्दू वाला सीएम चेहरा जब किसी भी राज्य की सत्ता में आता है तो किसी भी धर्म की भावना के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। यह लोगों की भावनाओं पर सबसे बड़ा आघात है। श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के प्रसिद्ध प्रसादम में घी में मिलावट भी एक बड़े अपराध की श्रेणी में आता है और करोड़ों लोगों को प्रसादम के नाम पर जहर खिलाया जा रहा था। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी के खिलाफ हैदराबाद के सैदाबाद में रिपोर्ट लिखाई गई है। यह सनातनियों के लिये सबक है कि मंदिर की पवित्रता यदि बाधित होती है तो इसे हर स्तर पर ले जाएं और आघात सहने की मजबूरी को ताकत बनाएं।



डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282

# जैविक खेती से करें मिट्टी का श्रृंगार फसल चक्र से उत्पादन होगा भरमार



जैविक खेती को बढ़ावा देने वाले धमतरी जिले के ग्राम गाड़ाडीह के किसान रमन लाल साहू का सम्मान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विगत दिनों किया था। साहू जैविक खेती कर मिट्टी की उर्वरकता बढ़ाने में महती भूमिका निभा रहे हैं,वहीं फसल चक्रण करके जल संरक्षण का काम भी कर रहे हैं।

आज के आधुनिक दौर में खेती किसानी के काम को उतना महत्व नहीं दिया जाता है, जितना की सरकारी या किसी अन्य नौकरी को दिया जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी ने लोगों को खेती किसानी की ओर मुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया है। प्रगतिशील किसान रमनलाल साहू ने परम्परागत खेती को पीछे छोड़ आधुनिक खेती को अपनाया है। जैविक खेती को बढ़ावा देते हुए मृदा, जल एवं पर्यवरण संरक्षण की दिशा में भी सराहनीय काम किया है। साहू बताते हैं कि विगत 8 सालों से वह 3 एकड़ से अधिक जमीन पर धान की जैविक खेती कर रहे हैं। जल संरक्षण की दिशा में रबी फसल में दलहन-तिलहन की खेती कर रहे हैं। इससे जमीन की उर्वरकता बढ़ने के साथ ही फसल का उत्पादन भी बढ़ा है। साहू बताते है कि किसान होने के साथ-साथ वह पशु मित्र भी हैं। उन्होंने गली-मोहल्लों में आवारा घूमने वाले गौवंश के लिए अपने खेत के समीप लगभग 25 डिस्मिल क्षेत्र में गौठान तैयार कर उनका संरक्षण कर रहे हैं। इन गौवंशों से प्राप्त होने वाले गोबर का उपयोग जैविक खेती करने में कर रहे हैं, वहीं दूध बेचकर हर माह 9 हजार रूपये की शुद्ध आमदनी भी प्राप्त कर रहे हैं। साहू ने यह भी बताया कि उन्होंने खेत में छोटा सा तालाब बनाया है, जिससे गौवंश के लिए पानी की व्यवस्था हो सके, वहीं क्रेडा की ओर से सोलर पैनल भी लगवाया है। इसके साथ ही गोबर गैस संयंत्र लगाकर गौवंश के लिए चारा की व्यवस्था करते हैं।


रमनलाल साहू रासायनिक खेती के दुष्परिणामों के बारे में अन्य किसानों को अवगत कराते हुए जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। साथ ही अपने गौशाला से उत्पादित गोबर, गौ मूत्र को अपने खेतों में उपयोग करते हुए जहरमुक्त अन्न की पैदावार कर उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की व्यवस्था कर रहे हैं।

जसं छत्तीसगढ़

# भगवान ने मुझसे तथ्य उजागर करवाए

तिरुपति प्रसाद में मिलावट को लेकर हो रहे विवाद के बीच आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य की पिछली जगन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया और उनकी भावनाओं का सम्मान नहीं किया। साथ ही नायडू ने कहा कि उनकी सरकार मंदिरों की पवित्रता और भक्तों की भावनाओं का सर्वोच्च सम्मान करती है।

समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार चंद्रबाबू नायडू ने टीडीपी केंद्रीय कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हर धर्म की कुछ परंपराएं और प्रतिबद्धताएं होती हैं और सरकार को उन सभी का सम्मान करने की जरूरत है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया और उनकी भावनाओं का सम्मान नहीं किया।

उन्होंने कहा, ईओ ने लड्डू की गुणवत्ता में सुधार के लिए गंभीर कदम उठाए हैं और पहले घी की आपूर्ति करने वाली विभिन्न कंपनियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। आंध्र प्रदेश के सीएम ने कहा कि उन्हें लगा कि भगवान ने खुद उनसे लड्डू पर ये तथ्य उजागर करवाए हैं।

नायडू ने कहा, सर्वशक्तिमान सब कुछ करता है और हम केवल नाममात्र के हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से ऐसा महसूस करता हूं। नायडू ने कहा कि आगे और कदम उठाए जाने की जरूरत है तथा तिरुमाला के संबंध में उन्हें कैसे क्रियान्वित किया जाए, इस पर चर्चा की जा रही है। जीर स्वामी, कांची स्वामी और अन्य पंडितों से परामर्श के बाद जल्द ही निर्णय लिया जाएगा।

एजेंसी।

## मैं ! मैं हूं!! मैं ही रहूंगी


मैं,
मैं हूँ,
मैं ही रहूँगी।
मै राधा नहीं बनूंगी,
मेरी प्रेम कहानी में,,,
किसी और का पति हो,
रुक्मिनी की आँख की
किरकिरी मैं क्यों बनूंगी,
मैं राधा नहीं बनूँगी।
मै सीता नहीं बनूँगी,
मै अपनी पवित्रता का,
प्रमाणपत्र नहीं दूँगी,
आग पे नहीं चलूंगी
वो क्या मुझे छोड़ देगा-
मै ही उसे छोड़ दूँगी,
मै सीता नहीं बनूँगी,,
ना मैं मीरा भी नहीं बनूंगी,
किसी मूरत के मोह मे,
घर संसार त्याग कर,
साधुओं के संग फिरूं
एक तारा हाथ लेकर,
छोड़ जिम्मेदारियाँ-
मैं नहीं मीरा बनूंगी।
यशोधरा मैं नहीं बनूंगी
छोड़कर जो चला गया
कर्तव्य सारे त्यागकर
खुद भगवान बन गया,
ज्ञान कितना ही पा गया,
ऐसे पति के लिये
मै पतिव्रता नहीं बनूँगी,
यशोधरा मैं नहीं बनूँगी।
उर्मिला भी नहीं बनूँगी मैं
पत्नी के साथ का
जिसे न अहसास हो,
पत्नी की पीड़ा का ज़रा भी
जिसे ना आभास हो,
छोड़ वर्षों के लिये
भाई संग जो हो लिया-
मैं उसे नहीं वरूंगी
उर्मिला मैं नहीं बनूँगी।
मैं गाँधारी नहीं बनूंगी,
नेत्रहीन पति की आँखे बनूंगी,,
अपनी आँखे मूंद लू
अंधेरों को चूम लू
ऐसा अर्थहीन त्याग
मै नहीं करूंगी,,
मेरी आँखों से वो देखे
ऐसे प्रयत्न करती रहूँगी,,
मैं गाँधारी नहीं बनूँगी।
मै उसी के संग जियूंगी,
जिसको मन से वरूँगी,
पर उसकी ज्यादती
मैं नहीं कभी सहूंगी
कर्तव्य सब निभाऊँगी
लेकिन,
बलिदान के नाम पर मैं यातना नहीं सहूँगी
मैं
मैं हूँ,
और मैं ही रहुँगी



# चार पिलरः मजबूत हो रहे सड़क, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वास्थ्य

डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ के विकास की रफ्तार नये कीर्तिमान भी स्थापित कर रही है जो राष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ की पहचान एक अलग मुकाम तक पहुंचा रही है। छत्तीसगढ़ के सड़क, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वास्थ्य के लिए केंद्र से छत्तीसगढ़ को 1171 करोड़ रूपए मिले हैं। छत्तीसगढ़ केंद्र सरकार की पूंजीगत व्यय यानी कैपेक्स के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत टॉप-5 पर पहुँच गया हैद्य छत्तीसगढ़ असम, गुजरात, हिमाचल, त्रिपुरा, गोवा और सिक्किम जैसे राज्यों की तुलना में आगे है।

ईज ऑफ़ लिविंग की अवधारणा को मजबूत करने और लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार लगातार कदम बढ़ा रही है। बस्तर से लेकर सरगुजा तक हर वर्ग के लोगों की समस्याओं को समझकर उनके हित में कार्य और त्वरित निर्णय से जनता और सरकार के बीच का रिश्ता मजबूत हुआ है। यही कारण है कि केंद्र सरकार के कैपेक्स में पूरे देश में छत्तीसगढ़ टॉप-5 में है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने एक नया विभाग भी बनाया है। सुशासन एवं अभिसरण (गुड गवर्नेंस एवं कन्वर्जेंस) विभाग अन्य शासकीय विभागों में जनता को आने वाली समस्याओं को समझकर उनके समाधान पर कार्य करेगी। हितग्राहियों को सरकार की योजनाओं का सौ फीसदी लाभ सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर स्तर पर परफॉर्मेंस रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी। शासकीय विभागों और जनसरोकार से जुड़े कार्यों के डिजिटलाइजेशन से न केवल कार्यों में पारदर्शिता आ रही है बल्कि विभागों का परफॉर्मेंस भी बेहतर हो रहा है। सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है।

शासकीय विभागों को समय के अनुरूप अपडेट करने के लिए भी छत्तीसगढ़ सरकार अहम् कदम उठा रही है, जिसमें लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत जनता से जुड़ी 90 सुविधाओं का डिजिटलीकरण, शासकीय खरीदी में पारदर्शिता लाने के लिए जैम पोर्टल की शुरुआत। सभी शासकीय विभाग के लिए अलग-अलग पोर्टल का निर्माण और ई-ऑफिस की दिशा में बढ़ने की पहल, शासकीय विभागों से सम्बंधित विभिन्न व्यापारिक और औद्योगिक इकाईयों के एनओसी की प्रक्रिया के सरलीकरण जैसे निर्णय ईज ऑफ़ लिविंग की अवधारणा को मजबूती देने के लिए, मुख्यमंत्री साय की दूरदर्शी सोच को दर्शाती है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के स्वरुप पर आधारित केंद्र सरकार की नीतियों से आमजनों के जीवन को बेहतर बनाने के मिशन पर भी तेजी से कार्य हो रहा है।

प्रदेश के युवाओं को उद्यम से जोड़ने की बात हो या किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित करने की छत्तीसगढ़ सरकार दोनों स्तर पर परिवर्तनकारी कदम उठा रही है जिसका परिणाम दिखने लगा है। यही कारण है कि खर्च और निवेश की सम्भावनाओं वाले देश के 788 जिलों में छत्तीसगढ़ का डीपीआई स्कोर 37.0 है जो दिल्ली 68.2, पश्चिम बंगाल 42.9, उत्तराखंड 41.0 के मुकाबले बेहतर है। दूसरे राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं, इन कार्यों को आमजनों की जरूरतों के अनुकूल किया जा रहा है।

जसं. छत्तीसगढ़

# केबिनेट मंत्री ओ पी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल सहित कई दिग्गज पहुंचे कोरबा, श्रीमती कौशिल्या महतो को दी श्रद्धांजलि

# स्व.श्रीमती कौशिल्या महतो के दशगात्र में उमड़ा जनसैलाब

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा भाजपा के संस्थापक सदस्य, पूर्व सांसद डॉ.बंशीलाल महतो की धर्मपत्नी ममतामयी श्रीमती कौशिल्या महतो का आज 19 सितंबर को उनके निवास स्थान (ऋषिकेश) में दशगात्र का कार्यक्रम उनके पुत्रों विकास महतो, डॉ. विवेक महतो सहित परिजनों ने रखा था। सुबह श्रीमती कौशिल्या महतो की आत्मा की शांति एवं उनके देवलोक गमन के लिए परिजनों ने पूजा रखी और दोपहर 1.30 बजे से दशगात्र का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। दशगात्र में श्रीमती महतो को श्रद्धांजलि देने जनसैलाब उमड़ पड़ा था। कोरबा जिला सहित प्रदेश के कई जिलों से उन्हें श्रद्धांजलि देने कोरबा पहुंचे थे।





**कई दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि**

श्रीमती कौशिल्या महतो को श्रद्धांजलि देने भाजपा सरकार के केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह, बीज निगम के पूर्व अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती हर्षिता पांडेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, कोरबा महापौर राजकिशोर प्रसाद, अशोक चावलानी, जोगेश लांबा सहित कई दिग्गज पहुंचे और उनके निवास स्थान में जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**श्रीमती महतो की विरासत उनके कार्यों में जीवित रहेगी**

केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी एवं श्याम बिहारी जायसवाल ने श्रीमती महतो को श्रद्धांजलि देने के बाद अपने भावपूर्ण उद्बोधन में कहा कि श्रीमती कौशिल्या महतो का जाना एक युग के अंत जैसा है, उनकी विरासत उनके कार्यों में जीवित रहेगी। उनके पुत्र उनके आदर्शों को आगे ले जाएंगे और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी मां के नाम को आगे बढ़ायेंगे।

**महतो परिवार का अपनात्व दिखा जनसैलाब में**

श्रीमती कौशिल्या महतो के प्रति लोगों का किस तरह का सम्मान और श्रद्धा है, आज के पगड़ी रस्म और दशगात्र कार्यक्रम में दिखा। महतो निवास स्थान में एक किलोमीटर के दायरे में लोगों की भीड़ देखी गई। ट्रैफिक व्यवस्था सामान्य रखने के लिए पुलिस बल मशक्कत करते दिखा। यहां उपस्थित जन सैलाब ने यह साबित कर दिया कि ममतामयी मां के रूप में श्रीमती कौशिल्या महतो का जाना लोगों को कितना आघात दे गया।

कई दिग्गजों ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीमती महतो का जीवन सेवा और समर्पण की एक ज्वलंत मिसाल था। स्व.डॉ. बंशीलाल महतो के सेवा कार्यों में उनकी धर्मपत्नी बराबर की हिस्सेदार रहीं। वे समाज की अनमोल धरोहर थीं। उनसे रिक्त हुए स्थान को पूर्ण करना असंभव है... क्योंकि नीति का लिखा हुआ कोई मिटा नहीं सकता और जो आया है... उसे एक दिन जाना ही है, लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जो इस दुनिया से चले तो जाते हैं लेकिन अपने कर्मों से लोगों के दिलों में अपनी पहचान अमिट बनाकर चले जाते हैं और सालों तक उनकी यादों से लोग प्रेरणा लेकर समाज के लिए कुछ करने का प्रयास करते हैं। सभी लोगों ने महतो परिवार को ढांढस बंधाया और इस दुख को सहने की शक्ति देने भगवान से प्रार्थना की।











**समाज के लोगों ने दी श्रद्धांजलि**

पूरे प्रदेश भर से महतो/जायसवाल समाज के हजारों लोग श्रीमती महतो को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।

जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

प्रदेश भर से राजनेता और दिग्गजजनप्रतिनिधि कोरबा पहुंचे थे और श्रीमती कौशिल्या महतो को श्रद्धांजलि देकर उन्हें नमन किया।

**पूरा कोरबा उमड़ पड़ा**

श्रीमती कौशिल्या महतो एवं स्व. डॉ. बंशीलाल महतो राजनीति से ऊपर उठकर समाज के हर लोगों, हर वर्ग को अपना मानते थे। आज के जनसैलाब ने यह साबित कर दिया कि श्री एवं श्रीमती महतो सबके थे, सब उनके थे। उन्हें श्रद्धांजलि देने पूरा कोरबा उमड़ पड़ा था। न कोई राजनीति और ना ही कोई द्वेष, सिर्फ यहां एक ममतामयी मां के चले जाने का सबको दुख था।

**पत्रकार जगत ने दी श्रद्धांजलि**

श्रीमती कौशिल्या महतो को श्रद्धांजलि देने हर वर्ग, हर समाज के लोग पहुंचे थे। पत्रकार जगत ने भी श्रीमती महतो को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया तथा महतो परिवार को ढांढस बंधाया। सभी ने ऊं शांति कह कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

**कार्यक्रम के अंत में मोक्ष के लिए आरती**

सुबह से दशगात्र स्थल पर भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी चल रहा था और चंदनपान होने के बाद महतो परिवार सहित उपस्थित लोगों ने भगवान की आरती में शामिल हुए और सभी ने उनके मोक्ष के लिए प्रार्थना की।



## वित्त मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री का कलेक्टर अजीत व एसपी तिवारी ने किया स्वागत

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

एक दिवसीय प्रवास पर कोरबा पहुंचे वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्री ओ.पी. चौधरी एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का कलेक्टर अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने रूमगरा एयर स्ट्रीप पर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, एडिशनल एसपी श्रीमती नेहा वर्मा, एसडीएम सरोज महिलांगे, तहसीलदारसत्यपाल राय, चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स बाल्को अवतार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।





दुकान किराये पर देना है

कोरबा के हृदय स्थल टी.पी. नगर नया बस स्टैंड के पास होटल ब्लू डायमंड के सामने प्रथम मंजिल में सर्वसुविधायुक्त 2500 sqft फाल सिलिंग लगा हुआ शीघ्र ही किराए पर देना है।

हमसे संपर्क करें-
गोपाल राय सोनी
मो.: 79996 32557

LIC है तो कहीं और क्यों जाएं...?
एलआईसी कराएं... परिवार में सुख-समृद्धि पाएं


LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA



आज ही बीमा कराएं अपने और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित एवं बेहतर बनाएं

नई योजनाओं की जानकारी आज ही लें।
सालिक राजवाड़े (बीमा अभिकर्ता)
कार्पोरेट ऑफिस - वेदांत बीमा सेवा केंद्र
प्रेस क्लब के सामने, रिकाण्डो रोड टी.पी. नगर कोरबा
मो.नं.-90987-52955, 99262-57886

र्‌यूमीकैप (RHEUMICAP)




र्‌यूमीकैप वात सम्बन्धित रोग जैसे शूल, आमवात, सन्धिवात, कटिग्रह, गृध्रसी में अचूक औषधि है, र्‌यूमीकैप कुचला, इन्द्रायान, मूल गुडूची, रसौल, लहसुन, कुलिंजन बीज, शु. गुग्गुल, रास्नापत्र, इन्द्रजौ और अमलताश आदि औषधियों का मिश्रण है। इस औषधि का प्रधान कार्य वातवाहिनी नाड़ियों पर होता है। जब वायु कुपित हो भयंकर वेदना उत्पन्न करती है तब यह कैप्सूल विशेष प्रभावकारी होता है।

Bharat Ayurvedic Works, Mob.: 9897489900




आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श

गाठिया, जोड़ों का दर्द, साईटिका, श्वास, दमा, खांसी पुराना नजला, गैस, खाज, खुजली, शुगर, बवासीर, पथरी, लिकोरियो मर्दो व औरतों के गुप्त रोगों के निराश रोगी ईलाज के लिए मिलें।

डॉ. वाय. भारद्वाज
(एम.डी.) (एन.एम.)

पतंजलि श्रीश्री AYURVEDA बैद्यनाथ Dabur ZANDU

शराब छुड़ाने की हर्बल दवा उपलब्ध




सभी कंपनियों के आयुर्वेदिक दवाईयों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता

एक कदम आयुर्वेद की ओर ... स्वस्थ रहो अभियान...

शिव हर्बल आयुर्वेदिक एण्ड कॉस्मेटिक
शॉप नं. 07 अल्का काम्प्लेक्स, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो.: 9302358945

# माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में 03 अक्टूबर से जलेंगे आस्था के दीप





कोरबा ( दिव्य आकाश )।

कोरबा शहर से लगी जीवनदायनी माँ हसदेव नदी के तट पर स्थित माँ श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर दुरपा कोरबा हसदेव नदी तट में विश्व कल्याण जगत माता जगदम्बिका माँ श्री सर्वमंगला देवी की असीम अनुकम्पा से शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री सर्वमंगला देवी की पवित्र भूमि में आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा दिन गुरूवार, दिनांक 03 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ होगा एवं आश्विन शुक्ल पक्ष नवमी दिन शुक्रवार, दिनांक 11.10.2024 तक श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे।

प्रबंधक एवं व्यवस्थापक नन्हा पाण्डेय (नमन्) ने बताया कि सर्वकामना ज्योति कलश के अलावा सतचंडी यज्ञ, यज्ञोपवित संस्कार एवं जसगीत गायन, कीर्तन-भजन का आयोजन रखा गया है। समस्त धर्मानुरागियों से प्रार्थना है कि मातेश्वरी माँ श्री सर्वमंगला देवी के दर्शन लाभ श्रीचरणों में मनोकामना अर्पित कर अपना जीवन सफल बनावें। उक्त पुण्य कार्यो में तन-मन-धन से सहयोग देकर पुण्य यज्ञ को सफल बनावें। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हेतु तैल्य ज्योति कलश हेतु 701/- रूपए एवं घृत ज्योति कलश के लिए 2100/- रूपए जमा कर मंदिर परिसर स्थित कार्यालय से रसीद प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा अन्य व्यक्तियों एवं संस्थानों से सम्पर्क कर सकते हैं।

शारदीय नवरात्रि पर्व 03.10.2024, गुरूवार से प्रारंभ होगा। ज्योति कलश हेतु 2100/- रूपये जमा कर रसीद लेवें सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलन हेतु तैल्य ज्योति कलश 701/- रूपये एवं घृत सर्वमनोकामना ज्योति कलश का हवन दिनांक 11.10.2024, शुक्रवार को होगा। जवारा कलश विसर्जन, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा, कपिलातर्पण, सजीयादान दिनांक 11.10.2024, शुक्रवार को होगा। माँ सर्वमंगला की मंगल आरती प्रतिदिन प्रातः काल एवं संध्या 7.00 बजे होगी। माँ का भोग प्रसाद प्रतिदिन दोपहर 12.00 बजे होगा। कृपया ज्योति कलश दर्शन कतारबद्ध होकर करें एवं रसीद साथ लावें। कृपया अपने सामानों की रक्षा स्वयं करें। माँ सर्वमंगला देवी का मंगल श्रृंगार प्रतिरात्रि 11.00 बजे होगी। प्रतिदिन भजन, कीर्तन एवं माता जसगीत अखंड रूप से चलता रहेगा। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर में नवरात्रि पर्व पर सुबह-शाम भंडारे का आयोजन रखा गया है। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर के पास दुकान लगाने के इच्छुक व्यापारीगण सादर आमंत्रित हैं। कृपया पुजारी / प्रबंधक से संपर्क करें। ज्योति कलश नवरात्रि पर्व का प्रसाद मंदिर परिसर कार्यालय से प्राप्त करें।

## इन स्थानों से भी राशि जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं- सम्पर्क स्थल

माँ सर्वमंगला मंदिर परिसर दुरपा कोरबा, अविनाश स्टेशनरी, दर्री रोड कोरबा, मो. 7697777770, अविनाश ट्रेडर्स, दरी रोड कोरबा, मो. 98271-89511, जय माँ दक्षिणेश्वरी डेली नीड्स, बजरंग टाकीज के सामने,कोरबा- 9754926033, पवन जनरल स्टोर्स, उरगा-कोरबा, महामाया बुक डिपो, बालको- 243034, शारदा प्रोविजन स्टोर्स, इंदिरा कॉम्पलेक्स, जमनीपाली, रतन जनरल स्टोर्स, विकास नगर कसमुण्डा-272130, शंकर लाल दुबे, छुरीकला - 7898597355, गोपाल जनरल स्टोर, घुड़देवा-7771899437, गायत्री मेडिको, निहारिका -9424141437, सरस्वती बुक डिपो, जूनाडीह -275888, मित्तल ऑटोमोबाईल्स, सुराकछार - 9425226745, गणेश ऑटो पार्ट्स एण्ड गणेश पान मसाला, बालको- 9893349692, 7999876704, नरेश चौहान, मुड़ापार 9098156287, सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हेतु तेल्य ज्योति कलश 701/- रू. एवं घृत ज्योति कलश 2100/- रू. जमा कर रसीद प्राप्त करें।

## श्रीमती पी विजियावाणी राव पंचतत्व में विलीन, दी गई श्रद्धांजलि

कोरबा ( दिव्य आकाश )।

20 सितंबर को सीएसईबी कालोनी कोरबा पूर्व निवासी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी में सेवारत पी वी सुब्रमण्यम (किशोर)की माताश्री श्रीमती पी विजियावाणी राव को पोड़ी बहार स्थित मुक्तिधाम में अंतिम विदाई दी गई। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान 609 से प्रातः 10.30 बजे पोड़ी बहार मुक्तिधाम के लिए निकली, जिसमें सीएसईबी के अधिकारी-कर्मचारी, मित्रगण, स्वजन, परिजन एवं कालोनीवासी शामिल हुए। श्रीमती पी विजियावाणी राव के पुत्र पी वी सुब्रमण्यम ने अपनी माताश्री के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी और मंत्रोच्चार के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई। उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।



संगठन सह प्रभारी श्रीमती जरिता लैतफलांग ने ली मैराथन बैठक, कहा-

## कार्यकर्ता एकजुटता का परिचय दें और नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस का परचम लहराएं



कोरबा ( दिव्य आकाश )।

छत्तीसगढ़ दौरे पर कोरबा पहुंची अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव और छ.ग. प्रदेश संगठन की सह प्रभारी ने अपने दौरे के पहले दिन लगातार मैराथन दौरा कर जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र कटघोरा, पाली-तानाखार और रामपुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक ली। इसी कड़ी में दूसरे दिन जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर जिसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र कोरबा एवं नगर पालिका निगम क्षेत्र समाहित है, के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में युवा कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस, पार्षद दलों सहित कांग्रेस के अन्य मोर्चा संगठनों से वन-टू-वन चर्चा के दौरान संगठन की वर्तमान स्थिति की जानकारी देते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अलग-अलग बैठक के बाद प्रदेश की सह प्रभारी ने सभी संगठनों की संयुक्त बैठक लेकर आवश्यक टिप्स दिए और सभी से आग्रह किया कि अपनी मातृ संस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करें। श्रीमती जरिता लैत फलांग ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस संगठन में जो भी पद खाली हैं, उन्हें तत्काल भरा जाएगा। नियुक्ति के दौरान जाति समीकरण का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आगामी चुनाव में सभी कांग्रेसी एकजुटता का परिचय देते हुए आपस में समन्वय बनाते हुए कांग्रेस का परचम लहराएं। मैं आपसे संवाद करने आई हूं। सभी बातें उच्च नेतृत्व तक पहुंचाई जाएगी। आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत के होने वाले चुनाव में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर उचित मार्गदर्शन दिया।

बैठक को संबोधित करते हुए कोरबा लोकसभा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत चरणदास महंत ने कहा कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और लगन के साथ कांग्रेस को जिताने का काम करें।

पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में हमें कांग्रेस का परचम लहराना है। उन्होंने कहा यदि हम एकजूट होकर चुनाव में काम करें तो कांग्रेस कोई हरा नहीं सकता। उन्होंने यह भी कहा कि 2028 में होने वाले विधानसभा चुनाव में हम जिले की चारों विधानसभा सीट जीतेंगे और जिले में फिर से विकास का नया आयाम लिखा जाएगा।

## पाली में आयोजित शिविर में 191 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान



पाली ( दिव्यआकाश )।

द आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार पाली के तत्वाधान में नगर पंचायत पाली में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 191 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर इस महायज्ञ को सफल बनाया। यह शिविर प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है। मंगल भवन पाली और ग्राम नुनेरा मे रक्त संग्रहण केंद्र बनाया गया था ताकि नुनेरा,बाँधाखार क्षेत्र के रक्त दाताओं को आने जाने में कोई तकलीफ नहीं हो । एकता ब्लड बैंक के सदस्यों ने रक्त दान शिविर में रक्त एकत्रित करने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पाली में 91 और नुनेरा से 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जिसमें 191 विभिन्न आयु वर्ग के युवा, महिलाओं और पुरुषों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में प्रत्येक रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और हेलमेट दिया गया। संस्था की ओर से जन् जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित कर बताया गया कि स्वस्थ्य और युवा लोगों के लिए रक्तदान से कोई नुकसान नहीं है। इसे लेकर भ्रांतियां है। किसी भी बीमार व्यक्ति के लिए आपका रक्त जीवन दायी हो सकता है। शरीर में रक्त निर्माण एक सतत प्रक्रिया है। एक निर्धारित मात्रा में रक्त दान करने से शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है, बल्कि शरीर का शुद्धिकरण हो जाता है। प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति हर 6 माह में एक बार रक्त दान कर सकता है। शिविर में दो दंपति ने भी एक साथ रक्तदान किया।



## उप सरपंच साहू ने सरपंच के खिलाफ खोला मोर्चा

कोरबा/पाली ( दिव्य आकाश )।

जनपद पंचायत पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी के उपसरपंच शिव दुलारी साहू ने सरपंच होरीलाल बियार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने पाली एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायत पोड़ी में हुई अनियमिताओं की जांच की मांग करते हुए 6 बिन्दुओं पर ज्ञापन सौंपा है। श्री साहू ने कहा है कि फरवरी 2024 के बाद आज तक बैठक नहीं हुई और बिना अनुमोदन पंच-सरपंच का वेतन आहरण कर लिया है। बिना बैठक फर्जी प्रस्ताव पर कई योजनाओं के लाखों की राशि का भी आहरण सरपंच सचिव द्वारा कर लिया गया है। 15 वें वित्त की राशि का करीब 6 से 10 लाख रूपए का फर्जी आहरण किया गया है। जिस काम के लिए आहरण किया गया है, उसका काम अब तक प्रारंभ भी नहीं हुआ और ना ही सामाग्री गिरायी गई है। 15 वें वित्त की राशि से ही बोर खनन सह सबमर्सिबल कार्य का मूल्यांकन अब तक नहीं हुआ है। पंचायत भवन के पोताई कार्य के नाम से 2.50 लाख का आहरण कर लिया गया है। पेंशन राशि तक का गबन कर लिया गया। 2023-24 के बाजार नीलामी का लाखों रूपए गबन कर लिया गया। वन अधिकार पट्टा कृषकों को अब तक नहीं मिल पाया। श्री साहू ने सरपंच सचिव पर और भी कई गंभीर आरोप लगाएं हैं।

## वित्त मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री का कलेक्टर व एसपी ने किया स्वागत

कोरबा ( दिव्य आकाश )।

एक दिवसीय प्रवास पर कोरबा पहुंचे वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्री ओ.पी. चौधरी एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का कलेक्टर अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने रूमगरा एयर स्ट्रीप पर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, एडिशनल एसपी श्रीमती नेहा वर्मा, एसडीएम सरोज महिलांगे, तहसीलदार सत्यपाल राय, चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स बाल्को अवतार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।





## पाली क्षेत्र के देवी मन्दिरों-देव स्थलों में शारदीय नवरात्र पर्व मनाने की तैयारियां जोरों पर



पाली ( दिव्य आकाश )।

नगर पंचायत मुख्यालय पाली एवं आसपास के देव स्थलों,देवी मन्दिरों में शारदीय नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोरों से चल रही है। पाली क्षेत्र में 4 से 11 अक्तूबर तक क्वार नवरात्र पर्व मनाया जाएगा।

जिले के धार्मिक पर्यटन स्थल चैतुरगढ़ स्थित आदि शक्ति मां महिषासुर मर्दिनी देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र पर्व पर सैकड़ों मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए जाएंगे। इसके लिए तैयारी चल रही है। हवन-पूजन,भजन-कीर्तन,भोग-भंडारा आदि के लिए भी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। चैतुरगढ़ में पूजा एवं व्यवस्था देखरेख संचालन के लिए गठित ट्रस्ट के बहुप्रतीक्षित चुनाव हो जाने के बाद अब विवाद की स्थिति नहीं होने से ट्रस्ट पदाधिकारी दुगुने उत्साह से तैयारी में जुट गए हैं। नगर पंचायत पाली क्षेत्र के मुख्य मार्ग स्थित शक्ति दाई मंदिर, महामाया देवालय, काली मंदिर मादन, ठाकुर देव स्थल पटेल पारा, बड़ा देव शक्ति स्थल, जलाराम मंदिर में भी नवरात्र पर्व भक्ति भाव से मनाने स्थानीय पूजा विकास समिति तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। मंदिरों को रंग रोगन और साज-सज्जा कराई जा रही है। कलश भवन में सैकड़ों मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे । जिसके लिए कलश भवन को भी सजाया संवारा जा रहा है। इस वर्ष घृत, तेल और जवारा के लिए राशि निर्धारित कर पंजीयन का कार्य भी चल रहा है। मंदिरों में पूजन हवन,जगराता आदि के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं। पाली के अलावा सकरिया पाठ मुनगाडीह, वनदेवी चेपारानी, महामाया मंदिर चैतमा ,दुर्गा मंदिर पोड़ी ,काली महामाया मंदिर लाफा,बाम्हन पाठ पंडरापथरा सहित गांव-गांव के देव स्थलों में जवारा बोए जाएंगे, जिसकी भी तैयारियां की जा रही है। वहीं कई गांवों में पर्व मनाने के लिए भी समितियां और ग्रामीण जन सक्रियता से तैयारियों में जुट गए हैं।

## रजनी ने किया कुछ यूं, दूर तक महक रही गुलाब की खुशबू



कोरबा ( दिव्य आकाश )।

रजनी को बचपन से ही गुलाब के फूलों से प्यार था। वह जब कहीं जाती तो फूलों के पौधे घर के लिए ले आती। घर के आँगन में गमलों पर वह खूबसूरत गुलाब के पौधे अक्सर लगाया करती थीं। गुलाब के पौधों और फूलों से प्यार करने वाली रजनी जब शादी होकर ससुराल आई तब भी उनका मोह फूलों के प्रति बना रहा। कई बार वह फूलों की खेती के लिए मन में सोची, लेकिन सोच को हकीकत में नहीं बदल पाई। अपनी इस ख्वाहिश को पूरा करने की कोशिश में जुटी रजनी का सपना आखिरकार उसके मजबूत इरादों के साथ पूरा हो गया। उन्होंने हिम्मत जुटाई और अपनी खाली पड़ी जमीन पर गुलाब के पौधों की ऐसी खेती कर डाली कि उसकी खूबसूरती और खुशबू दूर-दूर तक फैल रही है। इस गुलाब की खुशबू और खूबसूरती को निहारने लोग यहाँ खींचे चले आ रहे हैं...। आज के समय में पारंपरिक खेती की तुलना में बागवानी या फूलों की खेती किसानों के लिए अधिक मुनाफा देने वाली खेती साबित हो रही है। मुख्य रूप से गुलाब की खेती की तरफ किसानों का रुझान बढ़ रहा है। गुलाब की मांग पूरे वर्ष बनी रहती है।

## उपलब्धि:कोरबा की सेल्स गर्ल माही सांवरिया ने जीता मिस क्वीन कांटिनेटल का खिताब

कोरबा ( दिव्य आकाश )।

बचपन से संघर्षों में जीने वाली कोरबा की एक सेल्स गर्ल ने कोरबा ही नहीं बल्कि देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर जता दिया कि जज्बा और जुनून से कुछ भी कार्य असंभव नहीं है। माता-पिता का प्यार-दुलार से वंचित नाना-नानी की देख रेख में पली-बढ़ी माही उर्फ आरती ने समाज के ताने से क्षुब्ध नहीं हुई बल्कि इसी ताने को सफलता का हथियार बनाकर यह मुकाम हासिल किया और वियतनाम में आयोजित मिस क्वीन कांटिनेंटल इंटरनेशनल का खिताब अपने नाम किया।

वियतनाम में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली माही ने मिस क्वीन कांटिनेटल इंटरनेशनल का खिताब जीतकर कोरबा शहर का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि से नगर का जहां मान बढ़ा है, वहीं कोरब की साधारण युवतियों के लिए बाहर निकलकर अपनी प्रतिभा साबित करने की प्रेरणा भी मिलती है। 22 सितंबर रविवार को टीपीनगर स्थित तिलक भवन में माही सावरियां ने प्रेसवार्ता में चर्चा करते हुए बताया कि उनकी यात्रा कठिनाईयों से भरी रही है, लेकिन उन्होंने हर परिस्थिति का समाना करते हुए अपने सपनों को साकार किया।

माही ने बताया कि उनका जन्म एक साघारण परिवार में हुआ है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बाद भी बचपन से ही कई कठिनाईयों का सामना करते हुए आगे बढ़ने से पीछे नहीं हटी। उन्होंने बताया कि कमजोर आर्थिक स्थिति होने के कारण 12वीं के बाद आगे नहीं पढ़ पाई। इसके बाद भी अपने सपनों को छोड़ने की नहीं सोची। घर की जिम्मेदारियों ने उन्हें कोरबा की दुकानों में प्राईवेट नौकरी करने मजबूर किया और इस दौरान कई दुकानों में सेल्स गर्ल का काम किया। माही ने बताया बचपन से ही उसे मॉडल जैसे कपड़े पहनने के शौक रहे हैं और कई मॉडल को देखकर उसे भी लगा कि वह अपना कैरियर मॉडलिंग में ही बनाएगी। कई शो किए, लेकिन शुरूआत में पर्याप्त संसाधन और पैसे नहीं मिले , इसके बावजूद, उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। पहले फैशन शो में भाग लेने के बाद, यह एहसास हुआ कि इस क्षेत्र में पैसा और ग्लैमर जरूरी है। इसके बाद भी हार नहीं मानी और धीरे-धीरे अपने प्रयासों से सफलता हासिल की। उषा शर्मा के शो में प्रथम पुरस्कार मिला और बाद में मिस छत्तीसगढ में रनर अप रही। मिस इंडिया इंटरनेशनल का खिताब भी जीता, जो एक बड़ी उपलब्धि थी, यह मेरे कैरियर के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। 2018 में मां का निधन हुआ और पिता बचपन में ही छोड़ कर चला गया। अनाथ जैसा जीवन जीने वाली लड़की को समाज से भी कई ताने खाने पड़ते हैं, मुझे भी कई ताने सहने पड़े और घर में अकेली लड़की देखकर कई लोगों ने गलत नियत से भी देखा। इस ताने को मैंने हथियार बनाया और सफलता की बुलंदी को छूने के लिए जज्बा और कड़ी मेहनत की और वियतनाम में मिस क्वीन कांटिनेंटल इंटरनेशनल का खिताब जीतने में सफलता मिली।



**मेरे संघर्ष की कहानी ने दिलाया खिताब**

प्रेसवार्ता में माही ने बताया कि मैं रैंप पर चली और इंटरव्यू भी हुआ। इंटरव्यू में मैंने अपने जीवन की कहानी बतायी और कहा कि समाज के ताने से जीना नहीं छोड़ना चाहिए, बल्कि ताने को ही हथियार बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। देश-दुनिया में मेरी जैसी कई अनाथ सी लड़की होंगी, उन्हें मैं संदेश देना चाहती हूं कि समाज के ताने को दरकिनार करो, स्वयं में आत्म विश्वास जगाओ और आगे बढ़ो, यही सफलता की कहानी है।

**दोस्तों ने किया सपोर्ट**

माता-पिता के प्यार दुलार से वंचित नाना-नानी ने मुझे पाल पोषकर बड़ा किया और किसी तरह 12 वीं तक पढ़ाई की और उसके बाद आगे नहीं पढ़ पायी, लेकिन मॉडल की दुनिया में किसी तरह प्रवेश करना चाहती थी। मेरे कैरियर को आगे बढ़ाने के लिए मेरे दोस्तों ने सपोर्ट किया। वियतमनाम जाने के लिए मेरे पास पैसे तक नहीं थे, लेकिन दोस्तों के सपोर्ट और सोने का कंगन बेचकर मैं इंटरनेशनल मिस कांटिनेंटल में भाग लिया और जीत हासिल की।

**किराया कोई देना नहीं चाहता था, मैंने अपनी कमाई से घर भी बनाया**

माही उर्फ आरती ने अपने जुनून और जज्बे से वह सब कुछ पाना चाहती है, जिससे समाज मुझे वंचित रखने के लिए मजबूर कर दिया। मां का मर्डर (2018) हो जाने के बाद मुझे छत की तलाश थी, लेकिन कई लोगों ने अकेली लड़की को किराया तक में घर रहने के लिए नहीं दिया और इधर-उधर भटकती रही, मॉडल की दुनिया में आने के बाद मेरे पास पैसा और पहचान दोनों आने लगे और मैं अपनी कमाई से एक छोटा सा घर भी बनाया। उन्होंने समाज के ऐसे लोगों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अनाथ लड़कियों की उपेक्षा न करें और समाज में लड़कियों का सम्मान करें। मेरी जैसी न जाने कितनी लड़कियां होंगी, जो संघर्षों में जी रही होंगी, ऐसी लड़कियों का सम्मान करें और जरूरत पड़ने पर उनका सहयोग भी करें। उन्होंने कहा कि मैं ऐसी लड़कियों के लिए मॉडल स्कूल खोलने का विचार रखती हूं और ऊपर वाला इसके लिए मुझे सक्षम बनाए तो यह सपना भी साकार करूंगी और समाज में ऐसी लड़कियों की पहचान दिलाऊंगी।

स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर राजवाड़े द्वारा आकाश आफसेट टीपी नगर कोरबा से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com